शैक्षिक गुणवत्ता में समझौता स्वीकार्य नहीं : प्रो. ओंकार सिंह

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

- ■ यूटीयू के कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण
- ■ आठ नकलची पकड़े, इलेक्ट्रानिक गैजेट भी बरामद
- ■ परीक्षा के दौरान की वीडियो रिकार्डिंग तलब

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। शैक्षिक सुधार देश व प्रदेश के हित में है। उक्त बात कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षाओं के निरीक्षण के दौरान कही।

शनिवार को यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने रूड़की-हरिद्वार क्षेत्र में विभिन्न लॉ, फार्मेसी व इंजीनियरिंग कालेजों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज, बीएसआई इंजीनियरिंग कालेज, तारावती इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, आईटीआर कालेज, कालेज आफ इंजीनियरिंग रूड़की, फोनिक कालेज, अरिहन्त लॉ कालेज चमन लाल लॉ कालेज, अमृत लॉ कालेज का भ्रमण किया। इस दौरान बीएसएम लॉ कलेज, बीएसआई इंजीनियरिंग कालेज व आरसीपी कालेज, अमृत लॉ कालेज, चमन लाल लॉ कालेज में छात्रों के पास मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्टवाच व लिखित पर्चे फ्लाइंग टीम द्वारा पकड़ा गया जिनको कब्जे में ले लिया गया। वहीं इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, आईटीआर कालेज, फोनिक्स इंजीनियरिंग, कालेज आफ इंजीनियरिंग रुड़की, अरिहंत लॉ कालेज में परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं मिली। कुलपति ने विवि के परीक्षा नियंत्रक को तत्काल संबंधित संस्थानों से आज तक की परीक्षा संचालित किये जाने की वीडियों रिकार्डिंग की रिपोर्ट तलब करने का निर्देश दिया।

परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।